प्रकाशनार्थ

02 अक्टूबर 2025, गोरखपुर

गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर, गोरखनाथ, गोरखपुर द्वारा गांधी जयंती, विजय दशमी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान सेवा पखवाड़ा का आज 02 अक्टूबर को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

यह विशेष पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का अमूल्य संदेश दिया।

रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस दौरान युवाओं, समाजसेवियों, विभिन्न संस्थानों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

इस पखवाड़े के समापन  पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त से तीन ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं तथा गंभीर बीमारियों वाले रोगी  रक्त एवं रक्त अवयव वाले रोगियों की मदद की जा सकती है । उन्होंने वं समाज के सभी वर्गों से आगे आकर रक्तदान करने का आह्वान किया

और बताया कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य है और हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इस पखवाड़े में पूरे देश में सैकड़ों यूनिट रक्त संग्रह कर ज़रूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर रक्तदाताओं को सम्मान पत्र एवं आभार प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।